भुवालका जन कल्याण ट्रस्ट भवन को खाली कराया जाना

1368. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी :**
श्री कृष्ण लाल शर्मा :

क्या **प्रधान मंत्री** 12 सितम्बर, 1991 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1683 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या कलकत्ता में भुवालका जन कल्याण ट्रस्ट भवन को खाली कर दिया गया है; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा) : राष्ट्रीय एटलस और थिमैटिक मानचित्रण संगठन, कलकत्ता के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा सीधे किराए पर लिए गए भुवालका जन कल्याण ट्रस्ट भवन के दो तलों को खाली कर दिया गया है और वे 7-11-1991 को ट्रस्ट को सौंप दिए गए हैं। शेष चार तलों पर कार्यालय की जगह को भी खाली कर दिया जाएगा और उसे एस्टेट मैनेजर, कलकत्ता को लगभग मई, 1992 तक सौंप दिया जाएगा। इस कार्यालय को सॉल्ट लेक कॉम्प्लेक्स में स्थानांतरित करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। सॉल्ट लेक कॉम्प्लेक्स में नए भवन की मरम्मत का कार्य प्रगति पर है और इसे लगभग मई, 1992 तक पूरा कर लिया जाएगा।

मंत्रालय के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निजीकरण

1369. **मौलाना अबदुल्ला खान आजमी** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में निजीकरण शुरू करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा) : : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

Assessment of utilisation of Science and Technology Manpower

1370. SHRI SANTOSH BAGRODIA ;
SHRI RAGHAVJI ;

Will the PRIME MINISTER be pleased to state·

(a) whether any study has been carried out to assess utilisation of Science and Technology manpower in Government Departments Public Sector Undertakings, Private Industries and Educational Institutions; if so, the details thereof; and

(b) if not, by when such a study is likely to be carried out?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS (SHRIMATI MARGARET ALVA) ; (a) and (b) A survey of degree holders and technical personnel was conducted by Council of Scientific and Industiral Research along with the population census. As per 1981 census, the number of employed scientist and Engineers in public and private sectors were 6,59,884 and 2,08,311 respectively.